वर्ष: 14 - अंक : 167, मुंबई, गुरुवार, 29 अगस्त, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर

॥शुभ लाभ॥
MIX MITHAI

मोतीचूर लड्डू
बदाम बर्फी
काजू कतली
मलाई पेड़े
काजू रोल
रसगुल्ले
Order Now 98208 99501
ONLINE SHOP : www.mmmithaiwala.com
MM MITHAIWALA

DESI™ VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

# समृद्धि हाईवे पर फिर आईं दरारें

## एक महीने पहले हुई थी मरम्मत, फट जा रहे गाड़ियों के टायर



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** भाजपा सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना नागपुर-मुंबई हाईवे पर समृद्धि हाईवे में एक बार फिर दरारें पड़ गई हैं। इससे समृद्धि हाईवे एक बार फिर चर्चा में आ गया है। एक महीने पहले समृद्धि हाईवे की मरम्मत की गई थी। इससे एक बार फिर समृद्धि हाईवे के निर्माण और मरम्मत पर सवाल खड़े हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार छत्रपति संभाजीनगर से गुजरने वाले समृद्धि हाईवे पर दरारें पड़ गई हैं। समृद्धि राजमार्ग को एक महीने पहले एमएसआरडीसी द्वारा अस्थायी रूप से पक्का किया गया था। लेकिन अब एक बार फिर से सीमेंट के ये टुकड़े बाहर निकलते दिख रहे हैं। तो ये दरारें फिर से खुल गई हैं। इससे एक बार फिर समृद्धि हाईवे के निर्माण और मरम्मत पर सवालिया निशान खड़ा हो गया है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

### 20 साल तक दरारें नहीं पड़ने का किया गया था दावा

एमएसआरडीसी ने दावा किया कि समृद्धि हाईवे के लिए एम-40 ग्रेड सीमेंट का इस्तेमाल किया गया है और 20 साल तक सड़क पर कोई गड्ढा नहीं दिखेगा। लेकिन करोड़ों रुपए खर्च कर बनाए गए समृद्धि हाईवे में फिर दरारें पड़ती नजर आ रही हैं। समृद्धि हाईवे पर पड़ी दरारों ने एक बार फिर हाईवे के निर्माण और मरम्मत पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह बात भी सामने आई है कि इस हाईवे पर दरारें पड़ने से गाड़ियों के टायर फट रहे हैं।



## देश के अल्पसंख्यकों ने मोदी को 400 पार से दूर रखा

# मुसलमानों को मिले आरक्षण: शरद पवार

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** एनसीपी चीफ शरद पवार ने प्रधानमंत्री मोदी पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि देश के अल्पसंख्यकों ने पीएम मोदी को 400 पार से दूर रखा। 400 पार का एक ही उद्देश्य था पूरे देश का अधिकार एक ही हाथों में रखना, लेकिन देश के अल्पसंख्यकों ने ऐसा नहीं होने दिया। पवार ने कहा कि मुसलमानों को पूरा आरक्षण देना चाहिए और आने वाले चुनाव में उन्हें मौका मिलना चाहिए। अल्पसंख्यक विभाग के साथ एक बैठक में पवार ने अल्पसंख्यकों के पक्ष में और भी कई बातें कहीं। शरद पवार ने कहा कि वक्फ बोर्ड के मुताबिक अल्पसंख्यक के जो अधिकार हैं वो खत्म करने की साजिश है। वक्फ की प्रॉपर्टी का क्या करना है, किस काम के लिए देना है...यह अधिकार सिर्फ अल्पसंख्यकों का है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# पूजा खेडकर की जमानत पर फैसला आज?

## दिल्ली हाईकोर्ट में होगी सुनवाई



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** दिल्ली हाई कोर्ट में बर्खास्त पूर्व ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर की जमानत याचिका पर सुनवाई होगी। इससे पहले खेडकर को कोर्ट ने 29 अगस्त तक गिरफ्तारी से राहत दी थी। इससे पहले यूपीएससी ने पहचान बदलकर तय सीमा से ज्यादा बार सिविल सर्विसेस का एग्जाम देने के मामले में एफआईआर दर्ज कराई थी और 31 जुलाई को आयोग ने खेडकर की उम्मीदवारी रद्द कर दी। साथ ही, उन्हें भविष्य की परीक्षाओं से रोक दिया। बता दें कि साल 2023 बैच की ट्रेनी ब्यूरो अफसर रहीं पूजा के खिलाफ यूपीएससी ने पहचान बदलकर तय सीमा से ज्यादा बार सिविल सर्विसेस का एग्जाम देने के मामले में एफआईआर दर्ज कराई थी।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# अनिल देखमुख ने फडणवीस पर साधा निशाना

## लाडली बहन योजना पर दिया बड़ा बयान

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** बदलापुर के एक विद्यालय में चार साल की दो लड़कियों के कथित यौन उत्पीड़न और पुणे में एक पुलिस अधिकारी पर हंसिये से किए गए हमले की घटनाओं को लेकर उत्पन्न जनाक्रोश के बीच आया है। इस पर बोलते हुए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के वरिष्ठ नेता अनिल देशमुख ने बुधवार को आरोप लगाया कि गृह मंत्री देवेंद्र फडणवीस के प्रशासन में राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब हो गई है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में अपराधियों को अब पुलिस का डर नहीं है। देशमुख का बयान बदलापुर के एक विद्यालय में चार साल की दो लड़कियों के कथित यौन उत्पीड़न और पुणे में एक पुलिस अधिकारी पर हंसिये से किए गए हमले की घटनाओं को लेकर उत्पन्न जनाक्रोश के बीच आया है। (शेष पृष्ठ 3 पर)



### लाडली बहन योजना रहेगी जारी

अनिल देशमुख ने कहा कि यदि महा विकास आघाड़ी गठबंधन चुनाव बाद सत्ता में आया तो वह इस योजना को जारी रखेगा। एमवीए के सत्ता में रहने के दौरान गृहमंत्री रहे देशमुख ने पिछले महीने आरोप लगाया था कि तत्कालीन विपक्ष के नेता देवेंद्र फडणवीस ने तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, उपमुख्यमंत्री अजित पवार, मंत्रियों आदित्य ठाकरे एवं अनिल परब को फंसाने के लिए उनपर एक हलफनामा तैयार करने का दबाव डाला था। उन्होंने भ्रष्टाचार और धन शोधन के आरोपों में अपनी गिरफ्तारी के लिए फडणवीस को जिम्मेदार ठहराया था। देशमुख फिलहाल जमानत पर हैं।

दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### निज्जर- पन्नू का कांटा

**अमेरिका** के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने कनाडा गए। वहां उन्होंने दोहराया कि अमेरिका निज्जर की मौत को हत्या मानता है। साथ ही कहा कि अमेरिका में भी ऐसी एक हत्या कराने की कोशिश की गई। निज्जर- पन्नू का कांटाअमेरिका की निगाह हरदीप सिंह निज्जर और गुरपतवंत सिंह पन्नू का मामला अहम बना हुआ है। भारत के साथ गहराते रणनीतिक संबंधों के बावजूद वह इन मसलों को पृष्ठभूमि में डालने को तैयार नहीं है। हर कुछ दिन पर उसकी ओर से ये मामले उठा दिए जाते हैं। फिर ऐसा हुआ है। इस बार इसका जिक्र अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने किया है। सुलिवन एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने कनाडा गए। वहां उन्होंने दोहराया कि अमेरिका निज्जर की मौत को हत्या मानता है। साथ ही उन्होंने कहा कि अमेरिका में भी ऐसी एक हत्या कराने की कोशिश की गई। इसलिए इन मामलों में अमेरिका और कनाडा सहयोग कर रहे हैं। दोनों देश ऐसी हत्या या हत्या की कोशिश के खिलाफ दृढ़ रुख अपना रहे हैं। निज्जर और पन्नू दोनों खालिस्तानी उग्रवाद से जुड़े रहे। निज्जर की 2023 में कनाडा के प्रांत ब्रिटिश कोलंबिया में हत्या कर दी गई। आरोप है कि पन्नू की हत्या की साजिश रची गई। लेकिन उसे अंजाम दिए जाने के पहले उसका खुलासा हो गया। कनाडा ने आरोप लगाया था कि निज्जर की हत्या भारतीय एजेंसियों ने कराई। अमेरिका में पन्नू मामले में दायर मुकदमे में भी ऐसा ही अभियोग लगाया गया है। भारत इस आरोपों को झूठा और बेतुका बताता रहा है। मगर यह हकीकत है कि इन दोनों मामलों से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के लिए असहज स्थितियां बनीं। अमेरिका और कनाडा के मीडिया ने भारत की छवि ऐसे देश के रूप में पेश की, जो दूसरे देशों के अंदर गैर-कानूनी गतिविधियों में शामिल है। कनाडा के साथ तो इस मामले को लेकर भारत के संबंधों में खासा तनाव आया। मगर अमेरिका के प्रति भारत ने नरम रुख अपनाए रखा। अमेरिका से कूटनीतिक स्तर पर विवाद को हल करने की कोशिशें भी हुईं। लेकिन अमेरिका अपना रुख नरम करने को तैयार नहीं है। उसके अधिकारी लगातार मसले को उठा देते हैं। इसके पीछे उनका मकसद क्या है, इसको लेकर अस्पष्टता बनी हुई है। एक तरफ दोस्ती का बखान और दूसरी तरफ दोस्त देश की छवि पर लगातार प्रहार, यह ना समझ में आने वाला रुख है।

# द सूपर ह्यूमन एक्सलनस अवॉर्ड 2024 यह अवॉर्ड समारोह का किया गया आयोजन

मुंबई हलचल/संवाददाता

**मुंबई।** दिनांक 25 अगस्त 2024 को ग्रँड मास्टर गोल्ड मेडलीस्ट तथा द हयूमन योगा फाऊंडेशन वर्ली मुंबई के अध्यक्ष योग गुरु राधेश्याम जयस्वार और अखिल जैन विचार धारा गोसाला महाराष्ट्र अध्यक्ष ने द सूपर ह्यूमन एक्सलनस अवॉर्ड 2024 यह अवॉर्ड समारोह का आयोजन इंटरनॅशन योग दिवस के अवसर पर वरली मे आयोजित किया था। यह समारोह का आयोजन करने के मक्सद जो फिल्मी जगत के जानी मानीहस्ती तथा नये कलाकार तथा जो समाज सेवा मे अपना अमूल्य और विशेष योगदान देरहे है, तथा पत्रकार जो अपनी सकारत्मक पत्रकारीता से लोगो तक खबरे पोहचाते हे एसे अपने अपने क्षेत्र मे विषेश कार्य करणे वाली हस्तियों को प्रोत्साहन देना है। राध्येश्याजी हमेशाही समाज मे सकारात्मकता योग से लोगो को रोगमुक्त करणा समाज सेवामे योगदान देनेमे हमेशा तयार रहते है। इस कार्यक्रम मे नेहरूयुवा केंद्र खेल क्रिडा मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत प्रमाण पत्र तथा द ह्यूमन योगा फाउंडेशन का सन्मान चिन्ह देके पुरस्कार करताओको सन्मानीत किया. इस कार्यक्रम के प्रमूख अतिथी मुख्य आकर्षण लेजेनडरी प्लेब्याक सिंगर पद्मभूषण उदीत नारायनजी थे तथा अन्य अतिथी इंटरन्याशनल अँकर डॉ. वैभव शर्मा, बॉलीवुड एक्ट्रेस आरती नागपाल, प्रदेशाध्यक्ष माजी सैनीक सेल दिपक शिर्के, करनल धनंजय धांगले, माजी सैनिक ज्ञानेश्वर साखरे, लेखक तथा पत्रकार संघ के महाराष्ट्र अध्यक्ष अभिजीत राणे, एक्टर तथा प्रोड्यूसर योगेश सेन,आर्टिस्ट, समाजसेविका तथा मॅक क्रिएशन फाऊंडेशन की अध्यक्षा मनीषा टेमकर, समाजसेवीका शेहनाझ खान, जॉयसी पेरामल समाजसेविका, पूजा करिया खुडाजी को द सुपर ह्यूमन एक्सीलेंस पुरस्कार से नवाजा गया,शशि यादव जी को सोशल वर्क और योगा एजुकेशन से नवाजा गया. कई पत्रकार मीडिया न्युज रिपोर्टर, और कई जानी मानी हस्तीयोंने अपनी उपस्थीती दर्षाके कार्यक्रमको सफल बनाया।



# श्रेया ग्रुप ऑफ कंपनीज जरूरतमंदों को घर, शिक्षा और गरीब लड़कियों की शादी में करेगी सहयोग

## श्रेया फाउंडेशन के अध्यक्ष हेमंत कुमार राय ने की 4 महत्वपूर्ण प्रोग्राम की घोषणा, अगले वर्ष से आम जनता को भी मिलेगा फायदा

**श्रेया ग्रुप ऑफ** कम्पनीज ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति समर्पण का भाव एक बार फिर सिद्ध किया है। इस कंपनी ने अपने लीडर्स, कस्टमर्स और आर्थिक रूप से जरूरतमंद कर्मचारियों के लिए 4 अलग अलग प्रोग्राम की शुरूआत श्रेया फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा की है। इस संदर्भ में मुम्बई के रैडिसन ब्लू होटल में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में श्रेया ग्रुप ऑफ कंपनीज के चेयरमैन और श्रेया फाउंडेशन के अध्यक्ष हेमंत कुमार राय ने उन चार महत्वपूर्ण प्रोग्राम की घोषणा की।

कंपनी की इस पहल में पहला प्रोग्राम बी. एम.आई. पी. (बिल्डिंग मटेरियल इनिशिएटिव प्रोग्राम), दूसरा सी. ई.पी. (चाइल्ड एजुकेशन प्रोग्राम), तीसरा एच. इ.पी. (हायर एजुकेशन प्रोग्राम) और चौथा जी.एम.आई.पी. (गर्ल्स मैरिज इनिशिएटिव प्रोग्राम) है। फिलहाल इस प्रोग्राम का लाभ श्रेया ग्रुप से जुड़े सहयोगी, कस्टमर और कर्मचारी ले सकेंगे, जो 27,000 से ज्यादा हैं। उसके बाद सन 2025 के अप्रैल माह से आम जनता के लिए भी यह प्रोग्राम शुरू किया जायेगा। श्रेया फाउंडेशन के अध्यक्ष हेमंत कुमार राय ने कहा कि बी. एम.आई. पी. (बिल्डिंग मटेरियल इनिशिएटिव प्रोग्राम) एक ऐसा प्रोग्राम है जिसमें ऐसे निर्धन लोगों को उनके सपने का घर बनाने में आर्थिक सहयोग श्रेया ग्रुप ऑफ कंपनीज की सहयोगी संस्था श्रेया फाउंडेशन के श्रेया आशियाना प्रोग्राम के अंतर्गत दिया जायेगा, जो किराए के घर में रहते हैं, या उनके पास केवल जमीन है और उन्हें मकान बनवाना है। सी. ई. पी. (चाइल्ड एजुकेशन प्रोग्राम) के तहत एलकेजी से १२वीं तक के गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर बच्चे की फीस श्रेया फाउंडेशन द्वारा अदा की जाएगी ताकि उनकी शिक्षा भलीभांति हो सके। श्रेया ग्रुप ऑफ कंपनीज के चेयरमैन हेमंत कुमार राय ने आगे कहा की एच. इ.पी. (हायर एजुकेशन प्रोग्राम) एक ऐसी पहल है जिसके अंतर्गत ऐसे निर्धन परिवार के बच्चे जो उच्च शिक्षा प्राप्त करने में आर्थिक परेशानी के कारण असमर्थ हैं, उनको श्रेया फाउंडेशन द्वारा आर्थिक सहयोग दिया जायेगा।

चौथा प्रोग्राम जी. एम. आई. पी. (गर्ल्स मैरिज इनिशिएटिव प्रोग्राम) है, इसके तहत श्रेया फाउंडेशन गरीब कन्याओं के विवाह में सहयोग करेगी, जिससे गरीब कन्याओं के विवाह में कोई आर्थिक परेशानी न हो। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बच्ची की शादी के लिए ज्वेलरी या इलेक्ट्रॉनिक सामान देकर फाउंडेशन उनका हाथ बटाएगी। हेमंत कुमार राय का कहना है कि इस सहायता का लाभ सही हकदारों और जरूरतमंदों तक पहुंचे इसलिए इन प्रोग्राम को लांच किया गया है ताकि मदद का दुरूपयोग न हो और सही जगह पर इसका इस्तेमाल हो। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्रेया ग्रुप ऑफ कंपनी के चेयरमैन व श्रेया फाउंडेशन के अध्यक्ष हेमंत कुमार राय के अलावा श्रेया ग्रुप के कई महत्वपूर्ण कर्मचारी उपस्थित थे, जिनमें रॉयल क्लब मेंबर पी महेश्वर, डी ततैया, बी एम डी, विक्रम चक्रवर्ती, एम श्रीशा, राजेश सिंह, अवधेश कुमार, जमील अहमद, गौरव यादव, नाना जी गंता, गीतकार पंछी जालौनवी, सनी उपाध्यक्ष, विशाल सरोज, अजय मिश्रा, भानु प्रताप सिंह, नमित सिंह, श्याम मिश्रा, विवेक यादव, धर्मेंद्र सिंह इत्यादि। श्रेया ग्रुप की सीएमडी व श्रेया फाउंडेशन की उपाध्यक्ष श्रीमती संगीता राय हैं जबकि वायस चेयरपर्सन फ्यूचर श्रेया राय हैं। सरिता यादव, संजना मिश्रा, शालिनी त्रिपाठी, कोमल तिवारी और मुमताज अहमद भी श्रेया ग्रुप से जुड़े हुए हैं।




मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# महिलाओं को शस्त्र रखने की परवानगी दीजिए: सुमय्या अली

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ जो दुष्कर्म करके उसकी हत्या की गई थी इस प्रकार से महाराष्ट्र के बदलापुर में 3 साल की लड़कियों के साथ जो दरिंदगी की गई है और हैवानियत का खेल खेला गया है बहुत ही शर्मनाक है अब तक देश की जनता बिलकिस बानो प्रकरण, निर्भया प्रकरण, मनीषा प्रकरण और आसिफा जैसे प्रकरणों को भूली नहीं देश की महिलाओं के साथ ऐसी घटनाए कब तक होती रहेगी और कब तक हम लोग प्रोटेस्ट करते रहेंगे कब तक मोर्चे निकालते रहेंगे कब तक आंदोलन करते रहेंगे और कब तक निवेदन पर निवेदन देते रहेंगे सुमय्या अली इन्होंने कहां की वह खुद देश के प्रधानमंत्री



और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री से मुलाकात करके महिलाओं के सेल्फ डिफेंस के लिए शस्त्र रखने की परवानगी देने की मांग करेंगे जिसकी वजह से नारी शक्ति खुद की आबरू की स्वयंम सुरक्षा कर सकेंगे और ऐसे घिनौने अपराध करने वालों को डल्ल On the spot सजा मिलेगी सुमय्या अली इन्होंने सरकार से कहा की 1500 से ज्यादा देश की महिलाओं की सुरक्षा जरूरी है तो सरकार ने नारी शक्ति सुरक्षा योजना चलाना चाहिए जिसकी वजह से देश की महिलाएं अपने देश में अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सके और इसी के साथ यह इशारा दिया कि अगर जनता प्रोटेस्ट करते-करते सड़क पर आ गई तो अपने भारत देश की परिस्थिति भी बांग्लादेश जैसी हो सकती है इसकी तरफ सरकार ने गंभीरता से ध्यान देना चाहिए।



## श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं पर अयोजित दहीहांडी उत्सव

**मुंबई।** 27 ऑगस्ट 2024 मंगलवार श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएँ पर अयोजित दही हांडी उत्सव मुंबई मे अनेक जगहो पर और दही हांडी उत्सव मुंबई शहर में बड़े ही उत्साह से मनाया गया गोविंदा आला रे आला हर साल की तेरा बहुत से निमंत्रण आये हुए जैसे मिलिंद (अण्णा) कांबळे राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) माजी आमदार कुर्ला विधानसभा,वाहतुक विभाग महाराष्ट्र राज्य अध्यक्ष द्वारा कुर्ला कोर्ट बाजू,एल.बी.एस मार्ग, कुर्ला (पश्चिम) मुंबई ये सभी दही हांडी उत्सव में उपस्थित रहे मो. शोएब खान, सुखबिंदर सिंह (लाला भाई) अन्य लोग मौजुद रहे।

# विश्वनायक पैगंबरे इस्लाम हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैह वसल्लम कि मर्यादा के विरुद्ध अपमानजनक टिप्पणी संविधान के विरुद्ध है : गुलाम रसूल अंसारी नाजिमे शहर जमआते इस्लामी हिंद जबलपुर

## अपमानजनक टिप्पणी करने वाले को कानून के तहत तत्काल गिरफ्तार किया जाए: मोहम्मद मेहंदी

**जबलपुर।** मंगलवार को एसपी ऑफिस की जनसुनवाई में जमआते इस्लामी हिंद जबलपुर के एक प्रतिनिधि मंडल ने महाराष्ट्र के नासिक जिले के एक गाव में रामगिरी महाराज के द्वारा इस्लाम और हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की मर्यादा विरुद्ध आपत्तिजनक बयान दिए जाने के विरोध में एसपी द्वारा भारत के राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौपा गया। जमआते इस्लामी हिंद जबलपुर के नाजिमे शहर (शहर प्रभारी) श्री गुलाम रसूल अंसारी साहब ने इस्लाम और हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैह वसल्लम के मर्यादा विरुद्ध अपमानजनक बयान देने वाले की गिरफ्तारी की मांग की है और कहा कि उनका यह कार्य संविधान के विरुद्ध है। जमआते इस्लामी हिंद जबलपुर के मीडिया प्रभारी श्री मोहम्मद मेहंदी ने मीडिया को दिए अपने बयान में कहा है कि जिस महाराज ने महाराष्ट्र के नासिक



जिले के एक गॉव मे एक धार्मिक कार्यक्रम में इस्लाम और पैगंबरे इस्लाम हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैह वसल्लम के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की है जो कि कानून के अनुसार एक अपराध है हम उनके बयान की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं और कानून सम्मत कार्रवाई के तहत उनकी तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हैं क्योंकि कानून से ऊपर कोई भी नहीं है। हम ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाने की मांग करते हैं जो विभिन्न धर्मो के संगम का सबसे प्रिय देश का माहौल खराब करना चाहते हैं उनके आपत्तिजनक बयानों से भारत सहित दुनिया भर के ढाई अरब मुसलमान की भावनाए आहत हुई है और दो समुदाओं के बीच दूरियां पैदा हुई है। चूंकि कुछ वरिष्ठ नेता उस दिन नासिक जिले के उस गांव के उस कार्यक्रम में उस महाराज को बधाई देते हुए देखे गए हैं जो की अत्यंत अशोभिनीय है। इसलिए हमें संदेह है कि यह एक राजनीतिक साजिश है जिसका उद्देश्य धार्मिक ध्रुवीकरण करके राजनीतिक लाभ प्राप्त करना हो सकता है। हम नासिक जिले में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर उस महाराज के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हैं और साथ ही देश में नफरत फैलाने वाले टीवी चैनल और मीडिया के खिलाफ भी कार्यवाही की मांग करते हैं। यह स्थिति कुछ सांप्रदायिक शक्तियों द्वारा आक्रमाता और घृणा को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ सहिष्णुता और सहानुभूति को कम करने के लिए बनाए गए राजनीतिक माहौल के लिए जिम्मेदार है। और साथ ही हम मुस्लिम समाज से अपील करते है कि वे इस तरह के भड़काऊ कार्यों के शिकार ना हो और शांति व धैर्य बनाए रखें और हम सभी शांति और न्याय प्रेमी नागरिकों से भी आग्रह करते हैं कि वह एक साथ आए और इस विभाजन की नफरत की राजनीति से लड़े और शांति और सद्भाव का माहौल बनाएं ताकि देश मे और तरक्की व विकास हो।



## आकस्मिक मोड़ पर लगातार होने वाले दुर्घटनाओं के मुद्दे को हल करने के लिए युवा नेता रमझान शेख (संस्थापक होपमिरर फाउंडेशन) ने आगे बढ़ाए कदम

**मुंबई।** फर्शीपाड़ा सेक्टर 34, खारघर, अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल ग्राउंड के सामने एक आकस्मिक मोड़ पर लगातार होने वाले दुर्घटनाओं के मुद्दे को हल करने के लिए राष्ट्रवादी कांग्रेस -शरदचंद्र पवार पार्टी के युवा नेता रमझान शेख (संस्थापक होपमिरर फाउंडेशन) ने आगे कदम बढ़ाए। जब रमझान शेख को पता चला कि दो दिन पहले यहा 2 दुर्घटनाएं हुई थीं, तो उन्होंने पनवेल महानगरपालिका से संपर्क किया, और अधिकारियों ने तुरंत उनका सहयोग किया और आज इस मुद्दे को तुरंत हल कर दिया गया। रमझान शेख ने फर्शीपाड़ा, खारघर (वार्ड 3) में आकस्मिक मोड़ के कारण दुर्घटना के मुद्दे को हल करने में उनके योगदान के लिए पनवेल महानगरपालिका के अधिकारी कुणाल गायकवाड़ का धन्यवाद किया।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### समृद्धि हाईवे पर फिर आईं दरारें

समृद्धि हाईवे को महाराष्ट्र के ड्रीम प्रोजेक्ट के तौर पर देखा जाता है। 11 जुलाई को भी इसी समृद्धि हाईवे पर दरारें आ गई थीं। इसके बाद इन कमियों को भरने का काम राज्य विकास निगम ने किया। इसके बाद महज एक माह में हालात फिर वैसे ही हो गये हैं। इन दरारों के बीच की सीमेंट निकलने लगा है। इसकी शल्कें हाथ से निकल रही हैं। वहीं लोगों ने कहा कि दरारें पड़ने से आने जाने वाले वाहनों के टायर फटने का डर हैं। समृद्धि हाईवे को महाराष्ट्र के ड्रीम प्रोजेक्ट में गिना जाता है। महज एक महीने में फिर से दरारें पड़ने लगी। इन दरारों के बीच का सीमेंट निकलने लगा है। इसकी लेयर को हाथ से निकाला जा सकता हैं। एक महीने पहले भी दरारें पड़ी थी।

### पूजा खेडकर की जमानत पर फैसला आज?

31 जुलाई को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने परिवीक्षाधीन आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर की अनंतिम उम्मीदवारी रद्द कर दी थी और योग्यता से परे सिविल सेवा परीक्षा में धोखाधड़ी से प्रयास करने के लिए उन पर भविष्य की सभी परीक्षाओं में शामिल होने पर रोक लगा दी थी। खेडकर पर अन्य आरोपों के अलावा दिव्यांगता और अन्य पिछड़ा वर्ग या ओबीसी (गैर-क्रीमी लेयर) कोटा का दुरुपयोग करने का भी आरोप लगाया गया है। लेकिन खेडकर ने इन आरोपों का विरोध किया है और अदालत में कहा है कि उन्होंने कभी भी अपने नाम या पहचान के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं की है। पूजा खेडकर ने दिल्ली हाई कोर्ट में स्पष्ट किया है कि उन्होंने किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी या गलत जानकारी संघ लोक सेवा आयोग को नहीं दी है। पूजा खेडकर ने अपने जवाब में कहा है कि 2012 से 2022 तक उनके नाम या उपनाम में कोई बदलाव नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि यूपीएससी ने मेरी पहचान बायोमेट्रिक डेटा के माध्यम से सत्यापित की थी, और आयोग ने मेरे द्वारा प्रस्तुत किए गए सभी दस्तावेजों को मान्य पाया था।

### अनिल देखमुख ने फडणवीस पर साधा निशाना

देशमुख ने कहा कि गृहमंत्री के प्रशासन में राज्य में पुलिस का कोई डर नहीं रह गया है। पुलिस को खुलेआम पीटा जाता है। अपराधियों के बीच पुलिस का डर होना चाहिए। राज्य के पूर्व गृहमंत्री देशमुख ने मांग की कि केंद्र महाराष्ट्र सरकार के शक्ति कानून को यथाशीघ्र मंजूरी दे जिसमें महिलाओं के साथ जघन्य अपराधों के लिए मृत्युदंड का प्रावधान है। उन्होंने दावा किया कि यदि यह कानून प्रभाव में होता तो महिलाओं के साथ अपराध नहीं होते। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र में भाजपा की सरकार है फिर भी शक्ति कानून पिछले तीन साल से राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए लंबित है। इस कानून में दुष्कर्म जैसे अपराध करने वालों के लिए मौत की सजा सहित सबसे कठोर सजा का प्रावधान है। लेकिन सरकार महिलाओं के मुद्दों पर बिल्कुल भी गंभीर नजर नहीं आती है।

### मुसलमानों को मिले आरक्षणः शरद पवार

उन्होंने आगे कहा कि पीएम मोदी के हाथ से हुकूमत छीनने के लिए 2 सीट कम मिलेगा तो चलेगा, ज्यादा सीट हम नहीं मांगेंगे। पवार ने कहा कि पिछले दस साल से देश की हुकूमत गलत हाथों में है। जिन लोगों के हाथ में देश की हुकूमत है उनका फर्ज है कि देश में रहने वाले सभी मजहब के लोगों को भरोसा में रखना। उन्होंने कहा कि यह देश हम सबका है। ऐसा माहौल तैयार करने की जिम्मेवारी जिनके उपर है वो उसपर ध्यान नहीं देते। आज जब लोकसभा के चुनाव हो गए तब देश के प्रधानमंत्री ने देश के सामने एक बात कही थी, जगह जगह पर जाकर उन्होंने 400 पार का नारा दिया था।

# जनधन से मिला 'वोटधन' तो गरीबों को और सशक्त करेगी मोदी सरकार

## एक साल में खोले जाएंगे तीन करोड़ नए खाते, नया लक्ष्य तय किया

मुंबई हलचल / नई दिल्ली



**10 वर्ष पूरे होने पर सभी का अभिनंदन**

गरीबों के जनधन खाते से भाजपा न सिर्फ सियासी रूप से मालामाल हुई बल्कि आंकड़े इस बात के गवाही दे रहे हैं कि समाज के आखिरी तबके ने जमकर वोटिंग में भी शिरकत की।

यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट्स में से एक प्रधानमंत्री जनधन योजना से संबंधित फाइलें प्रधानमंत्री कार्यालय और केंद्रीय वित्त मंत्रालय के बीच इन दिनों तेजी से कुलाचे भर रही हैं। नया लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्ष 2024-2025 में यानि केवल एक साल में तीन करोड़ नए जनधन खाते विभिन्न बैंकों के माध्यम से गरीबों के खोले जाने हैं। विदित हो कि हर तरह की राहत राशि केंद्र सरकार सीधे जनधन खाते में ट्रांसफर करती रही है। ये सिलसिला मार्च 2015 में 14 करोड़ 72 लाख जनधन खाते से शुरू हुआ था जो चार गुना से ज्यादा बढ़त हासिल करता हुआ 16 अगस्त 2024 तक 53 करोड़ 13 लाख तक पहुंच गया।

इन खातों में गरीबों की कमाई, निवेश, राहत राशि आदि सब मिलाकर 2 लाख 31 करोड़ रुपए जमा हैं। शुरुआत में जमा राशि महज 15 हजार 670 करोड़ रुपए थी, जाहिर है बैंकों में जाने से कतराने वाले गरीबों का विश्वास अब आत्मविश्वास में परिणत हुआ है। देश के विकास में अब उनकी भी महती भूमिका तय हो रही है। सबसे ज्यादा इस योजना को जो आंकड़ा ताकत दे रही है वो है कुल जनधन अकाउंट का लगभग 67 फीसदी हिस्सा सुदूरवर्ती गांव, देहातों में बसे गरीब गुरबों का है।

### प्रधानमंत्री जनधन योजना

*किसी भी बैंक में जनधन खाता बिल्कुल मुफ्त खोलने का सिस्टम बनाया गया है। जिसके तहत खाते में मिनीमम रकम की कोई पाबंदी नहीं। खाते में रकम नहीं हैं तब भी दस हजार रुपए तक की निकासी कर सकते हैं। उपयुक्त समय पर बैंक में चुकता करना होगा उक्त रकम। खाते खोलने के साथ मुफ्त रुपए डेबिट कार्ड जारी किये जाते हैं ताकि ग्राहक कहीं से भी, किसी भी एटीएम मशीन से जरूरत पड़ने पर रुपयए निकाल सके। साथ ही दो लाख रुपए तक का एक्सीडेंट बीमा मुफ्त है, अगर किसी सड़क दुर्घटना में खाताधारक की मृत्यु हो गई नॉमिनी को दो लाख रुपए के भुगतान का प्रावधान है।*

वित्तमंत्री सीतारमण ने भी अहम पहल बताया

### गरीबों को आर्थिक मुख्य धारा में जोड़ा



केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री जन-धन योजना दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेश पहल है। सीतारमण ने कहा कि ये योजना गरीबों को आर्थिक मुख्यधारा में लाती है और हाशिए पर मौजूद समुदायों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। खास बात यह है कि देश आज जन-धन योजना के 10 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 28 अगस्त, 2014 को प्रधानमंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाई) की शुरुआत की थी।

### एक दशक में देश के बैंकिंग एवं वित्तीय परिदृश्य को बदल दिया

*वित्त मंत्री सीतारमण ने देश में वित्तीय समावेशन के लिए राष्ट्रीय मिशन-प्रधानमंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाई) के सफलतापूर्वक एक दशक (दस वर्ष) पूरा होने के अवसर पर कहा कि बैंक खाते, लघु बचत योजनाएं, बीमा एवं ऋण सुविधा सहित तमाम सार्वभौमिक, सस्ती एवं औपचारिक वित्तीय सेवाएं प्रदान करते हुए पीएम जन-धन योजना ने पिछले एक दशक में देश के बैंकिंग एवं वित्तीय परिदृश्य को बदल दिया है। वित्त मंत्री ने कहा कि पीएमजेडीवाई की शुरुआत के बाद से अब तक 53.14 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को बैंकिंग सुविधा मिली है।*

### बैंकों में जमा राशि 2,31,236 करोड़

*सीतारमण ने कहा कि पीएमजेडीवाई लाभार्थियों के खातों में कुल जमा राशि 2,31,236 करोड़ रुपए है। पीएमजेडीवाई खाते मार्च, 2015 में 15.67 करोड़ से 3.6 गुना बढ़कर 14 अगस्त, 2024 तक 53.14 करोड़ हो गए हैं। उन्होंने कहा कि करीब 55.6 फीसदी जन-धन खाताधारक महिलाएं हैं, जबकि करीब 66.6 फीसदी जन-धन खाते ग्रामीण एवं कस्बाई क्षेत्रों में हैं। वहीं, पीएमजेडीवाई खाताधारकों को 36.14 करोड़ रुपे कार्ड जारी किए गए हैं, जो 2 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा कवर भी प्रदान करते हैं।*

# कोलकाता मामले में राज्य सरकार और भाजपा में ठनी, दोनों ओर से आरोपों की झड़ी

बंगाल बंद पर भड़कीं ममता

## बंगाल में आग से पूरा नॉर्थ ईस्ट जलेगा टीएमसी करेगी 31 अगस्त को प्रदर्शन

**ट्रेनी डॉक्टर के साथ रेप-हत्या मामले को लेकर पूरा देश गुस्से में ममता ने भाजपा का किया विरोध**



मुंबई हलचल / कोलकाता

**हम विधान सभा में लाएंगे फांसी का प्रस्ताव**

पश्चिम बंगाल की राजधानी में ट्रेनी डॉक्टर के साथ रेप-हत्या मामले को लेकर पूरा देश गुस्से में है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा ) इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी से इस्तीफे की मांग कर रही है। यह मुद्दा अब इतना गरमा गया है कि नेता एक-दूसरे को धमकाने पर उतर चुके हैं।

सीएम ममता ने ऐलान किया कि कोलकाता रेप केस को लेकर टीएमसी 31 अगस्त 2024 को राज्य के हर ब्लॉक में प्रदर्शन करेगी। बंगाल बंद पर सीएम ममता ने कहा कि बंगाल में आग लगाने की कोशिश की तो सब जगह आग लगेगी। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को लग रहा है कि ये बांग्लादेश है। मुझे बांग्लादेश पसंद है, वहां के लोग हमारी तरह बात करते हैं। बांग्लादेश और बंगाल की संस्कृति एक है, लेकिन ये याद रखिएगा बांग्लादेश एक अलग देश है और भारत एक अलग देश। मोदी बाबू आप अपनी पार्टी को कहकर जो आग लगवा रहे हैं। याद रखिएगा अगर बंगाल में आग लगाएंगे तो असम भी चुप नहीं बैठेगा।

पूर्वोत्तर राज्य भी नहीं थमेंगे, न उत्तर प्रदेश, न बिहार और नही ओडिशा थमेगा। दिल्ली भी शांत नहीं बैठेगा। आपकी कुर्सी हिला कर रख देंगे।

भाजपा का पलटवार

## ममता असम को धमका रहीं, विफलता को छिपाने भारत को 'जलाने' की बात कर रहीं



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के बयान पर असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने जवाब दिया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि दीदी, आपकी हिम्मत कैसे हुई असम को धमकाने की? हमें लाल आंखें मत दिखाइए। आपकी विफलता की राजनीति से भारत को जलाने की कोशिश भी मत कीजिए। आपको विभाजनकारी भाषा बोलना शोभा नहीं देता। बंगाल बंद के दौरान कोलकाता में भाजपा और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच सड़कों पर संग्राम शुरू हो गया है।

मजूदार ने केंद्रीय गृहमंत्री शाह को लिखा पत्र

### 'ममता की बदले की कार्रवाई' का किया जिक्र



केंद्रीय मंत्री और पश्चिम बंगाल भाजपा प्रमुख सुकांत मजूमदार ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है। पत्र में मजूमदार ने मुख्यमंत्री बेनर्जी के हालिय बयान पर उनका ध्यान आर्षित किया। इसमें उन्होंने जिक्र किया कि बेनर्जी ने टीएमसी की छात्र शाखा को कोलकाता में संबोधित करते हुए बदले की राजनीति का समर्थन किया और कहा कि मैंने कभी बदला नहीं चाहा, लेकिन अब जो करना है, वो करो। मजूमदार ने इस पर त्वरित और निर्णायक कार्रवाई की मांग की, ताकि पश्चिम बंगाल के नागरिकों के हितों की रक्षा हो सके और संविधानिक मूल्यों की रक्षा की जा सके।

### बंगाल में सब कुछ सामान्य: कुणाल



टीएमसी प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा कि हम सभी आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल दुष्कर्म-हत्या मामले में न्याय चाहते हैं। ममता बेनर्जी भी न्याय चाहती हैं। मामला अब सीबीआई के हाथ में है। एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। अब सीबीआई मामले की जांच कर रही है। भाजपा यहां अराजकता पैदा करने की कोशिश कर रही है। कल उन्होंने पुलिस पर हमला किया और बुधवार को उन्होंने बंद बुलाया है। बंगाल में सब कुछ सामान्य है। बंगाल के लोगों ने भाजपा के बंद को खारिज कर दिया है।

ललन सिंह ने भी निशाना साधा

### बंगाल में सरकार नाम की चीज नहीं और राहुल के मुंह पर 'ताला' क्यों?



**पटना।** बिहार में जनता दल यूनाइटेड के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने बुधवार को एक बार फिर ममता सरकार और कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा है। उन्होंने कोलकाता रेप-मर्डर केस जहां एक ओर ममता बेनर्जी की सरकार को लेकर घेरा। वहीं, दूसरी ओर जाति आधारित गणना को लेकर कांग्रेस पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि ,रबंगाल में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। ललन ने कहा कि वहां अराजकता का माहौल है। हमें आश्चर्य होता है कि वहां की मुख्यमंत्री खुद महिला हैं। महिलाओं पर अत्याचार के खिलाफ अगर प्रदर्शन हो रहा है तो वो (ममता बेनर्जी) पानी का बौछार करवाती हैं, लाठीचार्ज करवाती हैं। आंसू गैस छुड़वाती हैं।

कई मामलों में एसआईटी से शिकायत

## हिल गई मलयालम फिल्म इंडस्ट्री, 17 मामले दर्ज किए

**यौन उत्पीड़न मामला अभिनेत्रियों ने की शिकायत**



मुंबई हलचल / चेन्नई

यौन उत्पीड़न के आरोपों की बाढ़ से मलयालम फिल्म इंडस्ट्री मॉलीवुड में भूचाल आ गया है। यौन उत्पीड़न के मामलों में अब तक 17 मामले दर्ज किए गए हैं। आरोपों के बीच मलयालम मूवी आर्टिस्ट की एसोसिएशन को भी भंग कर दिया गया है।

पुलिस आरोपों को लेकर कई फिल्मी सितारों और फिल्म निर्माताओं से पूछताछ कर सकती है। आरोपों में नया आरोप फिल्म अभिनेत्री सोनिया मल्हार का है। मल्हार का आरोप है कि साल 2013 में एक फिल्म के सेट पर अभिनेता उनके साथ छेड़छाड़ की थी। अभिनेत्री ने विशेष जांच दल के सामने अपनी शिकायत दर्ज कराई है। मल्हार से पहले फिल्म अभिनेत्री मीनू मुनीर ने भी यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। मीनू मुनीर का दावा है कि अब उन्हें धमकी भरे संदेश मिल रहे हैं। मीनू ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी है।

### अभिनेता सिद्दीकी के खिलाफ मामला

*मलयालम फिल्म अभिनेता सिद्दीकी पर भी यौन शोषण का आरोप लगा है। एक फिल्म अभिनेत्री ने सिद्दीकी पर साल 2016 में यौन शोषण करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस मामले में आईपीसी की धारा 376 और 506 के तहत केस दर्ज किया है। किसी हाई प्रोफाइल फिल्मी सितारे के खिलाफ यह दूसरी एफआईआर है। मलयालम फिल्म इंडस्ट्री के कई अभिनेताओं, निर्देशकों और फिल्म निर्माताओं के खिलाफ भी यौन शोषण के आरोप लगे हैं।*

### हेमा समिति की रिपोर्ट से 'कहर'

मलयालम फिल्म उद्योग के कुछ शीर्ष लोगों के खिलाफ आरोपों की बाढ़ पिछले सप्ताह न्यायमूर्ति हेमा समिति की रिपोर्ट के सार्वजनिक होने के बाद शुरू हुई है। 235 पन्नों की रिपोर्ट में कहा गया है कि मलयालम फिल्म उद्योग पर 10-15 पुरुष निर्माता, निर्देशक और अभिनेताओं का नियंत्रण है। तीन सदस्यीय न्यायमूर्ति हेमा समिति का गठन राज्य सरकार ने साल 2017 में किया था और इसने 2019 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। रिपोर्ट को अब तक सार्वजनिक नहीं किया गया था क्योंकि इसे जारी करने पर कानूनी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा था।

# अमेरिका से भारत को मिलेंगी 73 हजार और सिग 716 राइफलें, दिया आर्डर

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

घरेलू मोर्चे पर बनी हुई चीन और पाकिस्तान की साझा युद्ध की चुनौती के बीच भारतीय सेना को अमेरिका से 73 हजार और सिग 716 राइफलें मिलेंगी। इन्हें सेना द्वारा पहले से प्रयोग की जा रही स्वदेशी इंसास राइफलों की जगह पर प्रयोग किया जाएगा। अतिरिक्त सिग 716 राइफलों के लिए भारत ने उत्पाद निर्माता कंपनी सिग सॉर को आर्डर दिया है। कंपनी ने एक बयान में बताया कि भारतीय सेना के आधुनिकीकरण प्रयासों में भागीदार बनने को लेकर उसे गर्व है। रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने पिछले साल दिसंबर महीने में 73 हजार अतिरिक्त सिग सॉर राइफलों की खरीद से एक प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की थी।



### पहले सेना करती थी इंसास राइफलों का प्रयोग

सिग सॉर 716 एक उन्नत एआर प्लेटफार्म है। जिसे कंपनी ने भारतीय सेना की सभी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बनाया है। इंसास राइफलों को सेना के जंगी बेड़े में वर्ष 1988 में शामिल किया गया था। 1993 में इनके डिजाइन में तब्दीली की गई। इसके बाद 1996 में इन्हें बल में शामिल किया गया। कारगिल युद्ध के दौरान भी सेना ने इंसास राइफलों का प्रयोग किया था।

### सेना के पास होंगी कुल 1,45,400 राइफलें

कंपनी के मुताबिक, अतिरिक्त राइफलों की आपूर्ति के साथ भारतीय सेना में सिग सॉर 716 राइफलों की कुल संख्या 1 लाख 45 हजार 400 हो जाएगी। भारत ने वर्ष 2019 में 72 हजार 400 राइफलों की खरीद का पहला समझौता अमेरिका के साथ किया था। जवानों द्वारा इन्हें स्वीकार किए जाने के बाद 73 हजार अतिरिक्त राइफलों का यह ऑर्डर दिया गया है। सिग सॉर के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (सीईओ) रॉन कोहेन ने कहा कि हम भारतीय सेना के आधुनिकीकरण प्रयासों में भागीदार बनने को लेकर गर्व महसूस कर रहे हैं। इसके जरिए हम रक्षा मंत्रालय के लक्ष्यों की पूर्ति में भी मददगार बन रहे हैं। शुरुआत में हमें उत्पाद, उसके प्रदर्शन और भरोसे को लेकर असाधारण प्रतिक्रिया मिली थी।

## भारत-इजराइल के बीच हुई विदेश कार्यालय संबंधी 17वीं बैठक

**विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने गाजा संघर्ष को लेकर की तत्काल युद्ध बंदियों की रिहाई और संघर्ष विराम की मांग**

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

इजराइल-हमास के बीच मध्य जारी युद्ध के बीच बुधवार को भारत और इजराइल के बीच विदेश कार्यालय संबंधी 17वीं मंत्रणा बैठक हुई। इसमें भारत की तरफ से विदेश सचिव विक्रम मिस्री और इजराइल की ओर से विदेश मंत्रालय के महानिदेशक याकोव ब्लिस्टीन शामिल हुए। विदेश मंत्रालय ने बताया कि बैठक में दोनों पक्षों के बीच द्विपक्षीय हितों और उससे जुड़े हुए तमाम पहलुओं पर गहनता से विचार-विमर्श किया गया। साथ ही पश्चिम एशिया और हिंद-प्रशांत क्षेत्र के हालात पर भी चर्चा की गई। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने गाजा में जारी संघर्ष को लेकर पिछले साल सात अक्टूबर को इजराइल पर किए गए आतंकी हमले की कड़ी निंदा के पक्ष को दोहराया। बिना किसी शर्त के तत्काल युद्ध बंदियों की रिहाई, संघर्ष विराम और अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानूनों के तहत लगातार मानवीय सहायता की आवश्यकता का आह्वान किया। लगातार आक्रामक हो रहे हालातों को लेकर भारत की चिंता जाहिर करते हुए समाधान के लिए बातचीत और कूटनीति की बहाली पर जोर दिया।

### अमेरिकी संयंत्र ने तोप के गोलों का उत्पादन बढ़ाया

**स्क्रैंटन।** रूस के खिलाफ यूक्रेन की लड़ाई में इस्तेमाल के लिए तोप के गोले बनाने वाले पेनसिल्वेनिया स्थित संयंत्र ने बढ़ती मांग के मद्देनजर उत्पादन को 50 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है। कारखाने के 40 करोड़ अमेरिकी डॉलर की लागत से किए जा रहे आधुनिकीकरण के बारे में बताते हुए उत्पादन में हुई वृद्धि की इस सप्ताह जानकारी दी। 'स्क्रैंटन आर्मी एम्युनीशन प्लांट' इस्पात की 2,000 पाउंड (907 किलोग्राम) छड़ों को काटकर 155 मिमी 'हॉवित्जर' के गोलों में ढालता है। जिन्हें आयोवा भेजा जाता है और वहां उन्हें विस्फोटकों से भरा जाता है और 'फ्यूज' से जोड़ा जाता है।

ड्रोन का मूवमेंट दिखने से मचा हड़ंकप

## अमृतसर एयरपोर्ट पर तीन घंटे रोकी गईं पांच फ्लाइट



मुंबई हलचल / अमृतसर

अमृतसर में मंगलवार देर रात श्री गुरु रामदास इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ड्रोन मूवमेंट दिखाई दी। जिस कारण अमृतसर से उड़ान भरने वाली फ्लाइट करीब तीन घंटे देरी से रवाना हुई। ड्रोन की मूवमेंट देखकर एयरपोर्ट अथॉरिटी सहित सीआईएसएफ, पंजाब पुलिस के अधिकारी तुरंत चौकस हो गए और ड्रोन कहां से और किसने उड़ाया है, इसका पता लगाने में जुट गए। ड्रोन की मूवमेंट बंद नहीं हुई तब तक फ्लाइट को भी रोक रखा गया। देर रात एक बजे के बाद अमृतसर से पुणे, दिल्ली, मलयेशिया आदि को जाने वाली फ्लाइट ने उड़ान भरी। एयरपोर्ट के इर्द-गिर्द के पांच किलोमीटर के घेरे में ड्रोन उड़ने की इजाजत नहीं होती है क्योंकि अगर कोई ड्रोन फ्लाइट से टकरा जाए तो इससे हादसा हो सकता है।

दो दिवसीय दौरे पर आए विदेश मंत्री विएरा

## दक्षिण अमेरिकी देशों के साथ संबंध मजबूत करने में जुटा भारत

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

लंबे अरसे बाद भारत ने एक बार फिर दक्षिण अमेरिकी देशों के साथ अपने रिश्तों पर ज्यादा ध्यान देना शुरू किया है। भारत यात्रा पर आए ब्राजील के विदेश मंत्री मौरो विएरा के साथ विदेश मंत्री एस जयशंकर की मुलाकात हुई और दोनों की अगुआई में नौवें भारत-ब्राजील संयुक्त आयोग की बैठक हुई। शाम को दक्षिण अमेरिका के एक अहम देश चिली के विदेश मंत्री अल्बर्टो वान क्लावेरेन नई दिल्ली पहुंचे। इसी महीने विदेश राज्यमंत्री पबित्र मार्गेरिटा ने इस क्षेत्र के पनामा, ग्वाटेमाला, अल-सल्वाडोर और डोमिनिक रिपब्लिक की यात्रा की है।



### विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

ग्वाटेमाला और अल-सल्वाडोर के विदेश मंत्रियों व राष्ट्रपतियों ने विदेश राज्यमंत्री से अलग से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि ये देश भी भारत के साथ आर्थिक व कूटनीतिक रिश्तों को मजबूत बनाने को तत्पर हैं। भारत-ब्राजील संयुक्त आयोग की बैठक के बाद जयशंकर ने बताया, 'द्विपक्षीय संबंधों में आर्थिक, रक्षा, ऊर्जा व बायोफ्यूल, स्वास्थ्य, कृषि, अंतरिक्ष, कनेक्टिविटी जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर बात हुई है।

# आशी सिंह, सुमेध मुद्गलकर, और निगम ब्रदर्स ने EKVEERA प्रतिष्ठान के जन्माष्टमी समारोह में बिखेरा जलवाः सुरज सामेल द्वारा

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** 27 अगस्त को ठाकुर गांव, कांदिवली में एकवीरा प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित कृष्ण जन्माष्टमी समारोह एक रंगीन और आनंदमय आयोजन था। 2004 में स्थापित एकवीरा प्रतिष्ठान, जो एक चैरिटी संगठन है, ने इस विशेष अवसर पर समुदाय को एकत्र करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए लोकप्रिय अभिनेता सुमेध मुद्गलकर, सिद्धार्थ निगम, अभिषेक निगम, और आशी सिंह मौजूद थे, जिन्होंने इस उत्सव को और भी खास बना दिया। उनके मंच पर आते ही दर्शक उत्साहित हो उठे, खासकर उन मजेदार पलों में जब उन्होंने भीड़ के साथ बातचीत की और सभी के लिए अविस्मरणीय



यादें बनाईं। फोरम वघेला, जो मुंबई की प्रमुख सेलिब्रिटी मैनेजमेंट कंपनी पर्पल स्टार एंटरटेनमेंट की संस्थापक हैं, भी इस आयोजन में उपस्थित थीं। उनकी उपस्थिति ने इस कार्यक्रम की महत्ता को और बढ़ा दिया, जिससे समुदाय और मीडिया का और भी अधिक ध्यान आकर्षित हुआ। उत्सव में भक्ति और उत्साह का एक समृद्ध मिश्रण था, जो कृष्ण जन्माष्टमी की सच्ची भावना को दर्शाता था। इस आयोजन ने समुदाय की भक्ति और उत्साह को अपनाते हुए इसे एक यादगार अवसर बना दिया। पारंपरिक अनुष्ठानों से लेकर आनंदपूर्ण नृत्य और संगीत तक, हर पल उत्साह और भक्ति से भरा हुआ था। एकवीरा प्रतिष्ठान के इस तरह के महत्वपूर्ण आयोजन के प्रयासों की सभी ने सराहना की। सुरज सामेल के नेतृत्व में संगठन ने लगातार समुदाय को ऊंचा उठाने के लिए काम किया है, और यह आयोजन उनके समर्पण का एक और प्रमाण था। अंत में, ठाकुर गांव में कृष्ण जन्माष्टमी समारोह केवल एक आयोजन नहीं था बल्कि विश्वास, समुदाय और आनंद की एक सुंदर अभिव्यक्ति थी। प्रिय अभिनेताओं और सम्मानित अतिथियों की उपस्थिति ने इसे और भी विशेष बना दिया, जिससे सभी को भक्ति और खुशी की स्थायी यादें मिलीं।



**दिनांक 28.08.2024 को पूर्व राज्य मंत्री मैडम रजनी रावत जी ने बी जे पी अध्यक्ष श्री महेंद्र भट्ट जी से मुलाकात की और आशीर्वाद देकर अग्रिम भविष्य की शुभ कामनाएं दी।**

### गरीबों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने 28 अगस्त 2014 से हुई शुरुआत

# जन-धन योजना के 10 वर्ष पूर्ण, अब तक खोले गए 53 करोड़ खाते, पीएम ने बताया ऐतिहासिक

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

देश में जनधन खातों की शुरुआत को आज 10 साल पूरे हो गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहले कार्यकाल के दौरान 28 अगस्त 2014 को गरीबों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से इसकी शुरुआत की गई थी और इस एक दशक में बड़ा बदलाव भी देखने को मिला है। पीएम मोदी ने एक्स पोस्ट के जरिए इसे ऐतिहासित दिन करार दिया है। तो वहीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आंकड़े पेश कर बदलाव की पूरी तस्वीर साफ की है।

बुधवार को जनधन खातों की शुरुआत को 10 साल पूरा होने के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्विटर अकाउंट पर एक पोस्ट के जरिए कहा कि, 'आज देश के लिए ऐतिहासिक दिन है।' उन्होंने सभी लाभार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जन धन योजना करोड़ों देशवासियों, विशेषकर हमारे गरीब भाई-बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उन्हें सम्मान के साथ जीवन जीने का अवसर देने में सफल रही है।

## भारत के निर्माण का प्रयास

प्रधानमंत्री ने पेशेवर मंच 'लिंक्डइन' पर बाद में लिखा आज प्रधानमंत्री जन धन योजना को शुरू हुए एक दशक हो गया है और यह पहल महज एक नीति नहीं है। यह एक ऐसे भारत के निर्माण का प्रयास है, जहां हर नागरिक, चाहे उसकी आर्थिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो, उसकी औपचारिक बैंकिंग प्रणाली तक पहुंच हो।

## वंचित लोगों को मिला सम्मान

*प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने आधिकारिक खाते पर लिखा, "आज एक ऐतिहासिक दिन है... जन धन योजना के 10 वर्ष पूरे हो गए हैं। सभी लाभार्थियों को शुभकामनाएं और इस योजना को सफल बनाने के लिए दिन-रात एक करने वाले सभी लोगों को भी बहुत-बहुत बधाई।" उन्होंने कहा कि जन धन योजना वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और करोड़ों लोगों खासकर महिलाओं, युवाओं तथा वंचित समुदायों को सम्मान देने में सबसे आगे रही है।*

- योजना में एक दशक में बड़ा बदलाव देखने मिला
- सबसे अधिक 67 फीसदी खाते ग्रामीण और अर्बन क्षेत्र में खोले गए
- इन खातों में सबसे अधिक 55 फीसदी खाते महिलाओं के है

***खाते से मिलता है यह फायदा :*** *जनधन खाते में जमा की गई राशि पर ब्याज तो मिलता ही है, बल्कि दुर्घटना में मृत्यु और पूर्ण विकलांगता के लिए 2 लाख रुपए का बीमा और आंशिक विकलांगता के लिए यह 1 लाख रुपए का एक्सीडेंटल इंश्योरेंस भी हो जाता है। यही नहीं इसमें 30,000 रुपए का लाइफ कवर भी मिलता है। बैंक खातों की तरह जनधन अकाउंट में मिनिमम बैलेंस की कोई लिमिट नहीं होती है, बल्कि इसमें तो लाभार्थी को 10,000 रुपए की ओवरड्राफ्ट सुविधा भी मिलती है।*

## 30 लाख महिलाओं को बैंकिंग प्रणाली में लाया गया

प्रधानमंत्री ने कहा कि 65 प्रतिशत से अधिक खाते ग्रामीण या अर्द्धशहरी क्षेत्रों में हैं, जिससे वित्तीय समावेशन की प्रक्रिया महानगरों तक सीमित नहीं रही। करीब 39 लाख करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष हस्तांतरण हुआ है। उन्होंने कहा, " लेकिन, दूसरा पहलू प्रभावशाली आंकड़ों से कहीं आगे है। जहां तक महिला सशक्तीकरण का सवाल है, जन धन योजना परिवर्तनकारी साबित हुई है। करीब 30 करोड़ महिलाओं को बैंकिंग प्रणाली में लाया गया है।"

## पिछड़े वर्ग पर सकारात्मक प्रभाव

मोदी ने कहा कि इसी तरह, इस योजना के लाभ व बैंक खाते के जरिये मिलने वाले अन्य लाभों ने करोड़ों अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग परिवारों पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जन धन, 'जेएएम' त्रिमूर्ति - जनधन, आधार और मोबाइल का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बन गया है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# अच्छी सेहत के लिए आज से ही फॉलो करें ये हेल्थ टिप्स

स्वस्थ रहने के लिए अच्छी नींद, डाइट और व्यायम बेहद ही आवश्यक है। हममें से बहुत से लोगों को अक्सर सोने से पहले कर्वटें बदलनी पड़ती है। कुछ लोग जिन्हें बहुत देर तक नींद नहीं आती उन्हें नींद की दवाएं तक लेनी पड़ती हैं। नींद न आने का कारण हमारा गलत खान-पान और शारीरिक व्यायाम में कमी होना है। तो चलिए आज जानते हैं फिट एंड हैल्दी बॉडी के लिए जरुरी डाइट, एक्सरसाइज और प्रॉपर नींद से जुड़ी कुछ खास बातें...

फिट एंड फाइन रहने के लिए विटामिन और कार्बोहाईड्रेट युक्त आहार का सेवन बहुत जरुरी है। बदलती लाइफस्टाइल और व्यस्त दिनचर्या के कारण डाइट चार्ट को फॉलो करना मुश्किल है लेकिन खुद को बीमारियों से दूर रखने में डाइट चार्ट बहुत मदद करता है। डाइट चार्ट के अनुसार खाने से मोटापा, डायबिटीज, एसिडिटी, ब्लड प्रेशर, कैंसर जैसी बीमारियों से आप बचे रहते हैं। डाइट चार्ट बनाते वक्त ध्यान में रखें कि आपकी लिस्ट मौसम के हिसाब से ही होनी चाहिए। गर्मी का मौसम चल रहा है तो आपकी डाइट में पेय पदार्थ यानि लिक्विड चीजें ज्यादा शामिल होनी चाहिए।



### ➤ब्रेकफास्ट

नाश्ते के वक्त हमेशा भारी खाने से बचें। आप चाहें तो दूध के साथ ओट्स या फिर इससे तैयार चीले का सेवन कर सकते हैं। सुबह उठते ही ब्रश करने के बाद 4 बादाम जरुर खाएं। इससे सारा दिन आपकी बॉडी एक्टिव और एनर्जेटिक फील करेगी। आप चाहें तो नाश्ते के वक्त अंकुरित अनाज एक प्लेट मिक्स या वेजीटेबल उपमा भी ले सकते हैं।

### ➤दोपहर के वक्त

लंच का सही समय 1 से 2 बजे के बीच का होता है। इस दौरान आप चोकर वाली चपाती, छिलके वाली दाल की एक कटोरी या फिर सब्जी के साथ एक छोटी कटोरी दहीं के ले सकते हैं। खाने से 15 मिनट पहले सलाद खाना कभी मत भूलें। सलाद में आप खीरा, तर, टमाटर और ऐवोकाडो शामिल कर सकते हैं। सलाद खाने से शरीर को भरपूर मात्रा में पोषण मिलेगा।

### ➤शाम की चाय

लंच के लगभग तीन घंटे बाद चाय के साथ कुछ खाने का दिल करता है। ऐसे में आप एक कप चाय के साथ नमकीन भेल या फिर ओट्स बिस्कुट खा सकते हैं। अगर आप चाय पीना पसंद नहीं करते तो आप सेव, संतरा, कच्चा जाम, अनार, नाशपती आदि भी खा सकते हैं। अगर आप इस वक्त लेमन टी पीते हैं तो इससे आपका मेटाबॉलिज्म स्ट्रांग बनेगा। रात के खाने की भूख आपको अच्छी तरह लगेगी।

### ➤डिनर

रात के खाने में चावल ज्यादा मात्रा में शामिल न करें। इसमें दाल, दो चपाती, हल्का चावल, एक कप दही और एक प्लेट सलाद लीजिए। डिनर करने के करीब एक घंटे बाद एक फल और दूध का आधा गिलास जरुर लीजिए।

### ➤फिटनेस प्लान

डाइट चार्ट को फॉलो करने के साथ-साथ रुटीन में व्यायाम जरुर करें। स्वस्थ और हेल्दी रहने के लिए फिट रहना बहुत आवश्यक होता है। लोग फिट रहने के लिए वक्र 'आउट का अभ्यास करते है। वर्कआउट कितना और कैसे किया जाए इस बात का ध्यान रखना बेहद जरुरी है।

सुबह के वक्त वर्कआउट

सबसे जरुरी बात एक ही समय पर एक्सरसाइज करें। फिट रहने के लिए एक ही समय पर वर्कआउट करना लाभकारी होता है। सुबह का समय वर्कआउट के लिए सबसे बेहतर रहता है क्योंकि इस वक्त की गई एक्सरसाइज आपको दिन भर एनर्जेटिक रखती है।

### ➤पसंदीदा एक्सरसाइज

अक्सर लोग वर्कआउट करते-करते थकने से ज्यादा बोर हो जाते हैं। ऐसे में सभी वर्कआउट करने की बजाय अपनी पसंदीदा एक्सरसाइज करें। वो एक्सरसाइज करें जो आपको सबसे सबसे अधिक पसंद हो।वर्कआउट हमेशा अपने किसी फैमिली सदस्य या फिर दोस्तों के साथ मिलकर करें। उससे भी आप जल्द बोर नहीं फील करेंगे।

### ➤हेल्दी स्नैक्स

हेल्दी स्नैक्स आपके शरीर को स्वस्थ और हेल्दी रखता है क्योंकि उनमें कई ऐसे पोषक तत्व होते हैं जो शरीर को पर्याप्त मात्रा में पोषण प्रदान करते हैं और फिट रखते हैं। वर्कआउट करने के बाद 10 से 15 मिनट का रेस्ट लेना मत भूलें। इससे हल्की-फुल्की थकान कुछ ही क्षण में दूर हो जाएगी।

### ➤नींद से जुड़े हेल्थ टिप्स

यदि आप अपनी डाइट और एक्सरसाइज का रुटीन में ध्यान रखते हैं तो जाहिर है रात को आप चैन की नींद सोएंगे। नींद से न सिर्फ आपका शरीर रिचार्ज हो जाता है बल्कि इससे आपके मस्तिष्क की याद रखने और सीखने की क्षमता में भी बढ़ावा होता है। अगर आपकी नींद पूरी नहीं हो रही है, तो आपको कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। नींद की कमी से उच्च रक्तचाप, मोटापा और डायबिटीज जैसी शारीरिक बीमारियां हो सकती हैं। इसके साथ ही आपकी सीखने और याद रखने की क्षमता पर भी नकारात्मक असर पड़ता है। इसलिए हमेशा अच्छी नींद के लिए बेहतर डाइट और व्यायाम को अपनी रुटीन का हिस्सा बनाएं।

### ➤अच्छी नींद के लिए अपनाएं ये टिप्स

साउंड स्लीप यानि अच्छी नींद के लिए जितना हो सके तनाव कम लें। दोपहर के वक्त सोने से भी रात की नींद डिस्टर्ब होती है। अपने सोने और उठने का समय एक ही रखें। नियमित रूप से व्यायाम करें। रात को सोने से पहले, कैफीन, एल्कोहल और निकोटिन यानी धूम्रपान से बचना चाहिए। अगर किसी कारणवश नींद नहीं भी आ रही तो गर्म पानी से नहाएं, किताब पढ़ें, कैफीन फ्री चाय पियें और ऐसे काम करने से बचें जिनसे आपको चिंता होने की आशंका हो। रात का भोजन सोने से कम से कम दो से तीन घंटे पहले करें। सोने के लिए आरामदेह माहौल तैयार करें। अपने कमरे में पूरा अंधेरा रखें और तापमान को भी मौसम के अनुसार रखें। बेडरूम में टीवी या कंप्यूटर इस्तेमाल न करें। सोने का कमरा सिर्फ सोने के लिए ही इस्तेमाल करें।

# दूध में मिलाकर पिएं यह 1 चीज, बीमारियां रहेंगी कोसों दूर



## तुलसी वाला दूध पीने के फायदे

दूध का ज्यादा फायदा लेने के लोग उसमें केसर या बादाम मिलाकर पीते हैं। मगर आज हम आपको तुलसी वाला दूध पीने के फायदे बताने जा रहे हैं, जिससे आप बुढ़ापे तक स्वस्थ रहेंगे। तुलसी में एंटीऑक्सीडेंट, एंटी इंफ्लेमेटरी, प्रोटीन, मिनरल्स तो दूध विटामिन्स से भरपूर होता है इसलिए इन दोनों को मिलाकर पीने से तीन गुणा ज्यादा फायदा मिलता है। चलिए जानते हैं तुलसी वाला दूध पीने से आपको क्या-क्या फायदे मिलते हैं।

**● वायरल फ्लू से बचाव**

बदलते मौसम में वायल फ्लू तेजी से फैलता है लेकिन तुलसी वाला दूध पीने से आप इंफेक्शन के खतरे से बचे रहते हैं। वहीं अगर आप वायरल फ्लू की चपेट में आ गए हैं तो दूध में तुलसी के साथ लौंग, काली मिर्च और अदरक मिलाकर पिएं। इससे जल्द आराम मिलेगा।

**● सिरदर्द के लिए**

बिजी शेड्यूल के चलते आजकल हर कोई सिरदर्द और तनाव से जूझ रहा है। कुछ लोगों को तो यह रोज ही होता है। ऐसे में आप सोने से पहले तुलसी वाला दूध पिएं। इससे सिरदर्द और तनाव भी दूर होगा और आपको नींद भी अच्छी आएगी।

**● अस्थमा से राहत**

एंटी-बैक्टीरियल गुणों से भरपूर तुलसी वाला दूध पीने से अस्थमा और सासं से जुड़ी अन्य बीमारियों में भी बहुत फायदा पहुंचता है। ऐसे में आप सुबह 1 गिलास दूध जरूर पिएं।

**● वजन घटाए**

सुबह खाली पेट यह दूध पीने से भूख कंट्रोल में रखती है और मेटाबॉलिज्म भी तेज होता है, जिससे वजन घटाने में काफी मदद मिलती है।

**● किडनी स्टोन**

अगर आपको किडनी स्टोन की समस्या है तो रोजाना इसका सेवन करें। इससे पथरी धीरे-धीरे गल कर बाहर निकल जाएगी। हालांकि इससे साथ डॉक्टरी इलाज भी करवाते रहें।

**● कैंसर से सुरक्षा**

एंटीबैक्टीरियल और एंटीकैंसर के गुणों से भरपूर तुलसी वाला दूध शरीर में कैंसर सेल्स को बढ़ने से रोकता है। साथ ही इससे अन्यून सिस्टम भी मजबूत होता है, जिससे आप कैंसर के खतरे से बचे रहते हैं।

**● सर्दी और जुकाम**

सर्दी और जुकाम में तो तुलसी और दूध का कॉम्बिनेशन रामबाण की तरह इलाज करता हैं। आप चाहे तो इसमें तुलसी के अलावा हल्दी, लौंग, काली मिर्च, अदरक भी डाल सकते हैं। इससे सर्दी-खांसी दूर भाग जाएगी।


**● दिल के लिए**

इससे ना सिर्फ कोलेस्ट्रॉल की मात्रा कंट्रोल में रहती है बल्कि यह दिल की बीमारियों का खतरा भी काफी हद तक कम कर देता है इसलिए आप भी सुबह खाली पेट इसका सेवन जरूर करें।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# मलाइका ब्रेकअप के बाद भी रखना चाहती हैं अर्जुन कपूर के साथ खास रिश्ता!



**अर्जुन कपूर** और मलाइका के सारे रिश्ते खत्म हो गए हैं। दोनों ने आपसी रजामंदी से अपने 5 साल पुराने रिश्ते का अंत किया है। ऐसे में अब भी मलाइका हो या अर्जुन हो दोनों एक दूसरे को भूल नहीं पाए हैं। कभी अर्जुन तो कभी मलाइका प्यार और जिंदगी को लेकर अपने भाव स्पष्ट रूप से लिखती रहती हैं। अब एक बार फिर मलाइका का पोस्ट वायरल हो रहा है। उन्होंने एक अच्छे इंसान और निर्दयी इंसान को लेकर कुछ लाइन लिखी है। जिसे पढ़कर उनके फैंस उसे अर्जुन कपूर के साथ ब्रेकअप से जोड़कर देख रहे हैं। वहीं, कुछ इस पोस्ट से मलाइका के असली किरदार पर बात कर रहे हैं। मलाइका अरोड़ा अक्सर इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करती रहती है। वह अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में अपने फैंस को अपडेट भी देती हैं। एक बार फिर उन्होंने ऐसा ही किया है। मलाइका ने एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा है, इंसान को हमेशा एक अच्छा इंसान बने रहना चाहिए। उसे निर्दयी लोगों के साथ भी अच्छा व्यवहार करना चाहिए। अब मलाइका के लेटेस्ट पोस्ट को पढ़कर यूजर्स का कहना है कि भले ही अर्जुन कपूर ने उनका दिल तोड़ा हो, पर वह फिर भी उनके साथ अच्छा बर्ताव करना चाहती हैं और एक अच्छे इंसान की तरह उनके साथ खास रिश्ता भी रखना चाहती हैं। मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर पिछले 5 सालों से एक दूसरे को डेट कर रहे थे। कपल की शादी की बातें भी चल रही थीं। अर्जुन कपूर को कई बार मलाइका के रिश्तेदारों के साथ घूमते देखा गया था। बावजूद इसके कपल ने अचानक अपना रिश्ता खत्म करने का मन बना लिया। खबर ये भी आई कि इसकी असली वजह शादी ही थी। मलाइका और अर्जुन कपूर की उम्र में 10 साल का अंतर है और इसी को ब्रेकअप की वजह समझा गया। हालांकि, दोनों ने कभी अपने ब्रेकअप पर बात नहीं की।



# कृति सैनन ने इस करोड़पति के साथ रिलेशनशिप कर दिया कन्फर्म!

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस कृति सैनन एक बार फिर से अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। इस बार भी बात उनके रिलेशनशिप स्टेटस से जुड़ी है। एक्ट्रेस की लेटेस्ट पोस्ट से हिंट मिला है। उनकी तस्वीर पर उनके कथित बॉयफ्रेंड ने कमेंट किया है। दरअसल, कृति सैनन ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें वो अपने कई हिट गानों पर डांस कर रही हैं, जिसमें चोली के पीछे, परम सुंदरी और तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया शामिल हैं। उन्होंने पोस्ट को कैप्शन दिया, ये एक डेडली एक्ट था! लेकिन स्टेडियम में लाइव परफॉर्मेंस से ज्यादा रोमांचक कुछ नहीं देता! इस पर उनके रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया का भी कमेंट आया है। पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए करोड़पति बिजनेसमैन कबीर ने कहा, मैं मर गया (हंसते हुए इमोजी)। लवर बॉय का ये कमेंट देखते ही देखते इंटरनेट पर छा गया। लोगों ने उनकी शादी की तारीख तक पूछ डाली। एक यूजर ने कमेंट किया, क्या आप कृति से शादी कर रहे हैं? दूसरे ने कहा, जीजू इन दा हाउस। तीसरे ने कहा, इसे ऑफिशियल करो, भाई , एक ने लिखा, ये आधिकारिक है। बहुत से लोग शादी में आमंत्रित करने की भी बात कह रहे हैं।

# आमिर खान की फिल्म सितारे जमीन पर पर मचा बवाल



**आमिर खान** अपनी अपकमिंग सितारे जमीन पर से 2 साल बाद सिल्वर स्क्रीन पर लौटने की तैयारी में है। हालांकि, अब फिल्म की रिलीज डेट को लेकर जंग छिड़ गई है। ताजा खबर है कि सितारे जमीन पर की रिलीज डेट को आगे बढ़ाने का फैसला किया गया है, जिसके बाद सोशल मीडिया पर फैंस के बीच खलबली मच गई है। आइए आपको पूरी अपडेट बताते हैं। आमिर खान को आखिरी बार लाल सिंह चड्ढा में देखा गया था। इसमें उनकी एक्टिंग की तारीफ हुई थी, लेकिन यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। ऐसे में अब 2 साल बाद आमिर खान सितारे जमीन पर से स्क्रीन पर वापसी कर रहे हैं, जिसका फैंस को बेसब्री से इंतजार है। हालांकि, अब ऐसी खबरें आ रही है कि इस फिल्म की रिलीज को आगे बढ़ा दिया गया है, जिससे फैंस को इसका इंतजार और करना होगा। पहले सितारे जमीन पर 25 दिसंबर, 2024 यानी इस साल क्रिसमस के मौके पर रिलीज होने वाली थी, लेकिन इस फिल्म की शूटिंग खत्म होने में देरी हो रही है, जिसकी वजह से इसकी रिलीज डेट को आगे बढ़ाने का फैसला किया जा रहा है। फिलहाल मेकर्स की तरफ से इस खबर की पुष्टि अभी नहीं हुई है। आरएस प्रसन्ना के डायरेक्शन में बन रही फिल्म सितारे जमीन पर रितेश देशमुख की पत्नी और एक्ट्रेस जेनेलिया डिसूजा नजर आएंगी।